>

Title: Need to provide better passenger facilities at Bihar Sharif Railway Station in Nalanda, Bihar and provide security to passengers in train nos. 12392/12391 originating from Bihar Sharif.

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा): मेरे संसदीय क्षेत्र नालन्दा के अंतर्गत जिला हैडक्वार्टर शहर बिहार शरीफ रेलवे स्टेशन का अपरोचिंग रोड़ बहुत ही खराब हालत में हैं जो कि रेलवे की जमीन में बना हुआ है तथा बिहार शरीफ रेलवे स्टेशन का पी.आर.एस. काउंटर केवल एक ही काम करता है वो भी सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक| नालन्दा स्टेशन पर पी.आर.एस. लगा हुआ है लेकिन ईसीआरसी नहीं रहने से काउंटर काम नहीं कर रहा है । यहां पर ईसीआरसी की बहाली कर पीआरएस काउंटर को शुरू करने की आवश्यकता है तथा बिहार शरीफ स्टेशन में एक और पीआरएस काउंटर को शुरू करने की आवश्यकता है तथा टाइमिंग सुबह आठ से रात 8 बजे तक किए जाने की आवश्यकता है।

नालंदा स्टेशन में यात्रियों के लिए पेयजल की भारी किल्लत है। एक भी पेयजल साधन नहीं है। यहां पर विदेशी यात्री भी आते रहते हैं फिर भीयहां पर पेयजल का कोई साधन नहीं दिया जा रहा है। बिहार शरीफ स्टेशन से खुलने वाली 12392/12391 में रेलवे एस्कॉर्ट नहीं रहने से रेलवे यात्रियों को असामाजिक तत्व बहुत तंग करते हैं, मार-पीट भी करते हैं, सीट से उठा देते हैं और सामान भी लूट खसोट लेते हैं, इन पर रोक लगाए जाने की जरूरत है। मैं इस सदन के माध्यम से सरकार से यह वाजिब मांग करता हूं।